वर्ष 39 अंक 17
Pages 14
Lucknow, Sunday, 5 November, **2017**
LUCKNOW EDITION
Lucknow/Sitapur Distt.- ₹ 2/-
Other Distt.- ₹ 3/-

दैनिक जागरण

8
दैनिक जागरण, **Lucknow**, 5 November 2017

City briefs

नैक मूल्यांकन में बी प्लस प्लस ग्रेडिंग

LUCKNOW: प्रबंधन तथा प्रौद्योगिकी शिक्षा में नए कीर्तिमान स्थापित करने वाली स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ को राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक) ने बी प्लस प्लस ग्रेड प्रदान किया है. यह जानकारी संस्थान के सचिव मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने दी. उन्होंने बताया कि नैक पियर टीम ने बीते 11, 12 और 13 सितम्बर को संस्थान का भ्रमण और निरीक्षण किया था. नैक ने उत्तर प्रदेश में 50 महाविद्यालयों को ए प्लस, ए या बी प्लस प्लस ग्रेडिंग दी है. इनमें चार संस्थान ऐसे है जो प्रबंधन और इंजीनियरिंग दोनों विषयों में शिक्षा प्रदान करते हैं. एसएमएस लखनऊ इन विशिष्ट चार संस्थानों में एक है.